महत्वपूर्ण एवं खास

बस्तर विधायक ने छुई खदान हादसे के परिजनों को 4-4 लाख का चेक सौंपा

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत मालगांव के छुई खदान हादसे में 06 ग्रामीणों की दु:खद मृत्यु पर विधायक लखेश्वर बघेल की पहल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मृतक के परिजनों को तत्काल 4-4 लाख रुपये प्रदाय करने की घोषणा किया था। आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने मालगांव के छुई खदान हादसे के सभी शोकाकुल परिजनों से मिलकर 4-4 लाख का चेक एवं 5-5 हजार रुपये प्रदान किया। विधायक लखेश्वर बघेल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए हर सहयोग देने की बात कही और विषम परिस्थिति में आपका विधायक सदैव आप लोगों के साथ है, जो भी स्थिति होगी आप तत्काल अवगत कराने पर हर सहयोग प्रदान करने की बात कही है। इस दौरान दिनेश यदु, जानकी राम खीरमनी सेठिया, सुखदई बघेल, कविता साहू, शिवराम बिसाई, मधु निषाद, सुकरू राम, बृजलाल वास्तव, नारायण बघेल, मोहन झाली, नित्या चंद्राकार, ललित पांडे, लच्छिन सेठिया, निर्मला कश्यप, एवं अन्य कांग्रेसियों सहित ग्रामीण मैजूद रहे।

फैक्ट्री में काम कर रहा मजदूर की मौत

रायपुर (आरएनएस)। सरोरा स्थित ईश्वर पेपर मील में काम करने के दौरान कनवेयर बेल्ट में फंसने से मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार शुक्ला 34 वर्ष ने ईश्वर पेपर मील में काम करता था और वहीं सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बताया जाता है कि फैक्ट्री में काम करने के दौरान राजकुमार कनवेयर बेल्ट में फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

खड़े ट्रक से टकराई बाइक, चौकी प्रभारी की मौत

दुर्ग/भिलाई (आरएनएस)। पुलिस महकमे से एक दुखद खबर सामने आ रही है। स्मृतिनगर भिलाई पुलिस चौकी प्रभारी युवराज देशमुख की सडक़ हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि वे ड्यूटी पूरी कर राजनांदगांव जा रहे थे। तभी ठाकुरटोला टोल प्लाजा के पास उसकी बाइक हाइवे में खड़े ट्रक से जा टकराया। जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की रात साढ़े 11 बजे की है। स्मृति नगर चौकी थाना प्रभारी युवराज देशमुख अपनी ड्यूटी पूरी कर अपनी पल्सर बाइक से राजनांदगांव जा रहा था। तभी सोमनी थाना क्षेत्र स्थित ठाकुरटोला टोल प्लाजा के पास हाइवे में खड़े ट्रक से जा टकराया। बताया जाता है कि युवराज देशमुख हेलमेट भी पहने थे लेकिन हादसा इतना जबरदस्त था कि सिर व सीने पर चोटें खूब आई। खून ज्यादा बह गया था। आसपास के लोग तत्काल राजनांदगांव जिला अस्पताल लेकर गए। जहां आधे घंटे के उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाइवे में लगातार ट्रकों का खड़ा रहना अक्सर हादसे की वजह बनी है। सरल और मिलनसार पुलिस अधिकारी की मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। स्मृतिनगर पुलिस चौकी में लगातार वे सक्रिय रूप से बेहतर काम कर रहे थे।

ब्रम्हानंद नेताम की गिरफ्तारी पर झारखंड हाईकोर्ट की रोक

रायपुर (आरएनएस)। भानुप्रतापपुर सीट के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम की गिरफ्तारी पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। झारखंड हाइकोर्ट से राहत मिलने के बाद ब्रम्हानंद नेताम ने इसे सच की जीत बताया है। ब्रम्हानंद नेताम के लिए यह राहत तब मिली जब भानुप्रतापपुर उपचुनाव का मतदान समाप्ति पर था। उन पर नाबालिग लडक़ी से दुराचार के आरोप का खुलासा छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने किया था। इस सिलसिले में झारखंड पुलिस कांकेर में डेरा डाले हुए हैं। अब तक ब्रम्हानंद को गिरफ्तार नहीं किया गया है लेकिन उन्हें हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा गया था।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल : बुजुर्गों, दिव्यांगजन और तृतीय लिंग समुदाय के लिए हेल्पलाईन सुविधा शुरू

- महिला बाल विकास मंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री ने किया शुभारंभ
- हेल्पलाईन नम्बर 155326 और टोल फ्री नम्बर- 1800-233-8989 पर मिलेगी तत्काल जरूरी सहायता
- मेडिकल सहायता ,पेंशन सहित योजनाओं में आ रही दिक्कतों का होगा निराकरण
- हर वर्ष लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को मिलेगा मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल और
- 15 हजार को रोजगार से जोड़ने के लिए दिया जाएगा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को आपातकालीन स्थिति में जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नई हेल्पलाइन सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के जरिये मेडिकल सहायता ,पेंशन के साथ ही विभिन्न योजनाओं में आ रही दिक्कतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज इस नई सेवा का विधिवत् शुभारंभ किया। इस नई हेल्पलाइन सुविधा का संचालन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल

विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के अनुमोदन पर हर वर्ष लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल सहित अन्य पुनर्वास उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसी प्रकार 15 हजार दिव्यांगजनों को उनके रूचि के मुताबिक रोजगार से जोडने के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें 5-5 हजार अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित और मुक बधिर दिव्यांगजनों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण देने की कार्ययोजना बनाई गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस से बुजुर्गों, दिव्यांग और तृतीय लिंग समुदाय के लिए हेल्पलाईन नम्बर 155326 और टोल फ्री नम्बर- 1800-233-8989 की सुविधा शुरू करने की घोषणा की थी। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस सुविधा का संचालन प्रायोगिक तौर पर किया जा रहा था। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर इसका विधिवत् शुभारंभ हुआ है। इस नई सुविधा से महतारी एक्सप्रेस-102 और मेडिकल हेल्पलाइन 104 को भी जोड़ दिया गया है। इससे बुजुर्ग, दिव्यांग और तृतीयलिंग समुदाय के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि ऐसे वृद्धजन जो घर में अकेले हो और जिनकी संतानें प्रदेश के बाहर कार्यरत हैं, उनके लिए आपात स्थितियों में सहायता के लिए प्रदेश में कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं थी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में बुजुर्गों के लिए एक नवंबर, राज्य निर्माण दिवस से सियान हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले वृद्धजनों की समुचित देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है। राज्य सरकार बुजुर्गों को हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक नवम्बर से नई हेल्पलाईन सुविधा का ट्रायल चल रहा था। प्रतिदिन लगातार वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग पेंशन, विभागीय योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही तृतीय लिंग के व्यक्ति रोजगार और राज्य सरकार द्वारा उन्हें दिए जा रहे लाभों के बारे में पूछ रहे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन और उभयलिंग व्यक्तियों के कल्याण और पुनर्वास के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। हेल्पलाईन और टोल फ्री नम्बर के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ आपातकालीन सेवाएं, परामर्श, शिकायत, पेंशन भुगतान के निराकरण जैसी कई मदद ली जा सकती है।

अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आज कलेक्ट्रेट में जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के आधार पर सभी संबंधित विभागों को समस्याओं का त्वरित निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। जनदर्शन में भटगांव के अशोक साहू द्वारा शामिल शरीक खाते के दो हिस्से की धान फसल विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भटगांव को जाँच करने के निर्देश दिए। बरमकेला निवासी बद्रीनाथ कोड़ाकू द्वारा जाति प्रमाण के संबंध में आवेदन किया गया, जिसमें पिता के पढ़े-लिखे न होने और उनके नाम पर जमीन न होने के

कारण उनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं है, उपरोक्त मामले पर तहसीलदार बरमकेला को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही यह भी कहा कि जाति प्रमाण पत्र के मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बिलाईगढ़ के श्रद्धा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा चिक्की निर्माण किया जाता है, जो पूर्व में बलौदाबाजार से संचालित होता था, नवीन जिले के निर्माण पश्चात सारंगढ़ में शामिल होने की वजह से उनका कार्य स्थगित है। उक्त मामले की जांच के लिए अपर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, बलौदाबाजार को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मनरेगा के कार्यों के भुगतान संबंधी प्राप्त आवेदन के निराकरण के लिए जनपद सीईओ सारंगढ़ को जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जनदर्शन में अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कर उन्हें तथा आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए।

मंदिर की दानपेटी चोरी करने वाला पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कपसदा स्थित मंदिर से दान पेटी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गाम रैता के सरपंच विद्या भूषण वर्मा ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम कपसदा स्थित सांई मंदिर की दान पेटी को 16 नवंबर को अज्ञात चोरी द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में थाना धरसींवा में धारा 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसके बाद थाना धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी जलसो तिल्दा नेवरा निवासी विशाल राजगोड़ के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विशाल राजगोड़ की पतासाजी कर उसे पकडक़र घटना के संबंध में पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने मंदिर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विशाल राजगोड़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्टील की दानपेटी,1 नग चांदी का सिक्का तथा नगदी रकम 500 रूपये जप्त किया है।

मुख्यमंत्री से नन्ही छत्तीसगढ़ी गायिका आरू साहू ने की मुलाकात

- कु. साहू के सुमधुर गायिकी की सराहना

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में नन्ही छत्तीसगढ़ी गायिका कु. आरू साहू ने मुलाकात की। गायिका आरू साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें मुम्बई में देश भर से चयनित टॉप 30 गायकों के साथ 'जी-गिव इंडिया-बॉर्न-टु-शाइन' अवार्ड से नवाजा गया। मुख्यमंत्री ने नन्हीं आरू को उनकी गायन प्रतिभा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर बधाई दी। साथ ही उन्हें

भविष्य में कला के और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री को नन्ही गायिका ने बताया कि हाल ही में मुम्बई में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राजगीत 'अरपा पैरी के धार' की आकर्षक प्रस्तुति भी दी। आरू साहू ने इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने द्वारा नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना पर आधारित नवीन गीत भी सुनाया। मुख्यमंत्री बघेल ने कु. साहू के सुमधुर आवाज में गायिकी की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कु. आरू साहू के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे।

जिले की महिलाओं ने वर्मी खाद बेचकर कमाए 8.27 लाख रुपए

- गोधन न्याय योजना से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति हो रही मजबूत
- गोठान बन रहे हैं आजीविका संवर्धन के केंद्र

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना से जिले की महिलाएं गांव में ही गुजर बसर करके लाखो रुपए कमा रही है। गांव में ही रहकर लाखों में आय अर्जित करने के सपने को विकासखंड पाली के निरधि गांव की महिलाएं साकार कर रही है। गांव में विकसित गोठान में गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने वर्मी खाद बेचकर आठ लाख 27 हजार रुपए आय अर्जित किया है। समूह की महिलाओं ने गोठान में 2107 क्विंटल वर्मी खाद बना कर बेचा है। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। वर्मी खाद से लाभ पाकर ग्रामीण महिलाएं खुश हैं। कलेक्टर संजीव कुमार झा के द्वारा जिले में गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए योजना की सतत समीक्षा की जा रही है। साथ ही योजना के गंभीरता पूर्वक संचालन के लिए सतत मॉनिटरिंग भी की जा रही है। जिसके आशातीत परिणाम फील्ड में देखने को मिल रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर ने बताया कि गोधन न्याय योजना से जहां शहरी और ग्रामीण लोगों को दो रुपए प्रति किलोग्राम में गोबर बेचकर आर्थिक लाभ मिल हो रहा है। वहीं दूसरी ओर स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाएं गुणवत्तापूर्ण जैविक खाद बनाकर इसे बेचकर लाखों रुपए का लाभ अर्जित कर रहीं हैं। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

गंगा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सावित्री यादव ने बताया कि उनके समूह में 10 महिला सदस्य हैं।वह सभी गोठान में खरीदे गए गोबर से वर्मी खाद तैयार करती हैं। उन्होंने बताया कि वर्मी खाद तैयार करने के लिए उन्हें कृषि विभाग से प्रशिक्षण भी दिया गया है। उसके बाद उन्होंने का खाद तैयार करना प्रारंभ किया। यादव ने बताया कि उनके समूह ने अब तक 2667 क्विंटल खाद को तैयार किया है। जिसमें से 2107 क्विंटल खाद बेच कर बेचकर 8.27 लाख रुपये कमाए हैं। उन्होंने बताया कि कि अभी बैंक से पांच लाख रुपए निकालकर सभी महिला सदस्यों ने आपस में 50-50 हजार रुपए अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बांट लिए हैं। शेष पैसा बैंक में जमा है। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना से समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं जिससे गांव में ही खरीदे गए गोबर से खाद बनाकर आवक हो रही हैं। गाँव में ही स्वरोजगार मिलने से हम महिलाएं आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। यादव ने कहा की यह योजना ग्रामीण महिलाओं की जीवन में खुशियों का वरदान लेकर आयी हैं।

छह सिंचाई योजनाओं के लिए 46.97 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की पांच विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 46 करोड 97 लाख 45 हजार रूपए स्वीकृत किए है। कार्य पूर्ण होने से 2757 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

बालोद जिले के विकासखण्ड-बालोद के तांदुला परियोजना के भेडिया नवागांव माईनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर कार्य के लिए 02 करोड़ 99 लाख 92 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 185 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा मिलेगी। विकासखण्ड-डौंडीलोहारा की खरखरा जलाशय के क्षतिग्रस्त स्पील चैनल पर शूट फाल निर्माण कार्य के लिए 27 करोड़ 40 लाख 03 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। विकासखण्ड-डौंडीलोहारा के भेड़ी उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण कार्य के लिए 09 करोड़ 07 लाख 05 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 344 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-गुण्डरदेही की तांदुल मुख्य नहर के लिमोरा

माईनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर मरम्मत कार्य के लिए 03 करोड़ 44 लाख 70 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 1439.32 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-गुण्डरदेही के तांदुला मुख्य नहर के परसदा माईनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर मरम्मत कार्य के लिए 98 लाख 72 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 121.25 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-गुण्डरदेही के तांदुला मुख्य नहर के पेण्ड्री माईनर, झोपरा माईनर, डोंगीतराई माईनर एवं जोरातराई माईनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य के लिए 03 करोड़ 07 लाख 03 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 668.24 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

आईटीआई फिंगेश्वर को बाबा गुरुघासीदास के नाम पर करने और 48 कम्प्यूटर देने की घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा के ग्राम फिंगेश्वर पहुंचे। वहां उन्होंने फिंगेश्वर के किसान बिसेलाल साहू के यहां भोजन के पश्चात मुख्य कार्यक्रम स्थल में आम जनता से भेंट-मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की और हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। उन्होंने किसानों से धान विक्रय तथा खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था की जानकारी ली और कहा कि हमारी सरकार ने सबसे पहले किसानों के लिए योजना बनाई। उन्होंने कहा कि चौथा किश्त राजीव गांधी न्याय योजना की राशि 31 मार्च को दे दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यहां पर फिंगेश्वर उप-तहसील को पूर्ण तहसील बनाने, फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, फिंगेश्वर के 6 प्राथमिक और 4 माध्यमिक शालाओं में आवश्यक अतिरिक्त कक्ष हेतु 133.12 लाख रुपए देने और पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास गरियाबंद में स्वीकृत सीट क्षमता में 50 सीट की वृद्धि करते हुए 100 सीटर करने की घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री कोपरा को नगर पंचायत बनाने, छात्र-छात्राओं की मांग पर आईटीआई फिंगेश्वर को बाबा गुरुघासीदास के नाम पर करने एवं 48 कम्प्यूटर देने, भेण्डरी से रवेली के बीच नवीन पुल निर्माण और सिलयारी बाहरा से संतोषपुरी धाम ग्राम पंचायत पतोरा-पनियारी में पहुंच मार्ग बनाने, कासरबाय से पतोरादादर मार्ग आर डी.1350 मी में स्थित जर्जर पुल की मरमत, हरदी-कसरबाय-बेहराबुड़ा मार्ग पर स्थित पगार नाला पर पुल निर्माण, ग्राम बोरसी के हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने और साथ ही कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर के लिए नवीन भवन बनाने, 18 गांव के पेयजल और सिंचाई हेतु अकरबारा में बैराज नाला निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने यहां जनता से शासकीय योजनाओं के संबंध में बातचीत की। गोधन न्याय योजना के ग्राम बारुला के मुकेश साहू ने बताया कि उन्होंने गोबर बेचकर 70 हजार कमाए। इससे उन्होंने सिलाई मशीन खरीदा और पत्नी को भी टेलरिंग का काम सिखाया। आज वह भी अपना काम कर रही है। साहू ने कहा कि गोबर को पहले घुरवा में फेकते थे अब उसका पैसा मिल रहा है उसके लिए हम मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। ग्राम जेन्जरा की महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य ने बताया कि 2 साल से वर्मी कम्पोस्ट खाद बना रहे हैं। इसे बेचने से प्राप्त आय को समूह के कार्यो में लगाती है। अभी बाड़ी में साग-सब्जी भी लगाए हैं। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट रखने के लिए शेड बनाने का आग्रह किया।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। राजीव युवा मितान क्लब ग्राम टेका के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज ने बताया कि युवा मितान क्लब के कार्यों से सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा मिला है। छत्तीसगढिया ओलंपिक में खेल स्पर्धाएं हो रही हैं। इससे प्रतिभाएं को आगे बढने का मौका मिल रहा है। हाट बाजार क्लीनिक योजना के हितग्राही घनश्याम प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शनिवार को बाजार में डॉक्टर की टीम आती है और हर प्रकार से जांच कर दवाई भी मुफ्त में देते है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU